REIL

# प्रगति Insights

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

खंड 15 अंक 2 जुलाई-सितम्बर 2019

## प्रबन्ध निदेशक की कलम से



भारत ने वर्ष 2025 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। इस महत्वकांक्षी विकास के उद्देश को साकार करने के लिए सबसे बड़ी चुनौती स्वच्छ और हरित विघटनकारी तकनीकियों (Disruptive technologies) के साथ लम्बे समय तक स्थिरता के लिए संरेखित करना है एवं वर्त्तमान विकास दर को 6.8 % से बढ़ा कर 9% लाना है।

विघटनकारी तकनीकियों (Disruptive technologies) ने ऊर्जा, डेयरी, कृषि और परिवहन जैसे क्षेत्रों के पारंपरिक तरीकों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

रील ने अपने विकास के लक्ष्यों को संरेखित करते हुए व्यवस्थित रूप से स्मार्ट सौर ऊर्जा समाधान, डेयरी विश्लेषण और स्वचालित समाधान प्रदान करके और अब पूरे देश में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

कौशल विकाश पहल के तहत नवनिर्मित इंफ्रास्ट्रक्चर ''रील हाऊस'' के माध्यम से जनसाधारण के जीवन में बदलाव लाने हेतु प्रगति पर है।

रील को समय-समय पर दिए गए समर्थन एवं दिशानिर्देश के लिए आप सभी हितधारकों का धन्यवाद करते हुए, मैं आपके विचारों को जानने के लिए तत्पर हूं।

त्रैमासिक पत्रिका '*प्रगति Insights*' के समूह द्वारा हिंदी पखवाड़ा के दौरान इसका प्रकाशन हिंदी में किया जा रहा है ताकि इसके पाठको को हिंदी के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाया जा सकें।

**गतिविधियों का सारांश :**

- स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के दौरान ईवी चार्जर्स और ईवी (EV) फ्लैग-ऑफ
- राज्यमंत्री का रील का दौरा
- व्यापार प्रमुखताएं
- वार्षिक आम बैठक
- वीआईपी गैलरी
- पुरस्कार एवं पहचान, सहभागिता
- कर्मचारियों की गतिविधियां

## स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के दौरान ईवी चार्जर्स और ईवी (EV) फ्लैग-ऑफ





**माननीय केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, श्री अरविंद गणपत सावंत ने IOCL इंजीनियर्स सर्विस स्टेशन, जोर बाग, नई दिल्ली में 22.08.2019 को DC-001 फास्ट चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन किया, इस दौरान श्री प्रवीण एल. अग्रवाल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार, डॉ. ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।**






### ईवी (EV) कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए



माननीय केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इलेक्ट्रिक कार रैली को हरी झंडी दिखाई।

प्रबन्ध निदेशक, रील ने एक इलेक्ट्रिक वाहन में यात्रा भी की।

रील, फेम (FAME) योजना के तहत, देश में EV चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भारी उद्योग विभाग के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान, माननीय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पारंपरिक वाहनों की बढ़ती संख्या नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के साथ पर्यावरण के लिए खतरा पैदा कर रही है। भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अनुदान प्रदान कर रही है, क्योंकि पेट्रोल और डीजल वाहनों की कीमतें इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों से कम है। **उन्होंने REIL और IOCL के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और चाहा कि देश के हर IOCL रिटेल आउटलेट में REIL के DC फास्ट चार्जर्स होने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य इलेक्ट्रिक वाहनों का है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण प्रदूषण को कम करता है बल्कि देश पर विदेशी मुद्रा का बोझ भी कम करता है, जो कच्चे तेल के आयात पर खर्च होती है तथा देश की आर्थिक स्थिति को और भी मजबूत करेगा।**

श्री प्रवीण एल. अग्रवाल, संयुक्त सचिव, DHI ने FAME इंडिया के तहत 10,000 करोड़ रूपए के आवंटित फंड के बारे में बताया और दोहराया कि **DHI ने 6 शहरों और 5 राजमार्गों में 350 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है।**

## माननीय राज्यमंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के दौरान नई दिल्ली में रील द्वारा स्थापित इलेक्ट्रिकल व्हीकल ( ईवी ) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सेटअप का उद्घाटन किया





माननीय राज्यमंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अर्जुन राम मेघवाल ने श्री प्रवीण एल. अग्रवाल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार की उपस्थिति में रील द्वारा स्थापित DC-001 फास्ट चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन, आश्रम चौक, एचपीसीएल, सर्वी-सर्किल, नई दिल्ली में 19.08.2019 को किया

माननीय राज्यमंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि देश में लगभग 150 बिलियन डॉलर का तेल आयात किया जाता है, जिसे हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के माध्यम से कम कर सकते हैं। स्वच्छता पखवाड़ा का उल्लेख करते हुए, **उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का उदाहरण दिया, उन्होंने सभी लोगों से खुद से स्वच्छता शुरू करने का आह्वान किया।**

इस अवसर पर, प्रबन्ध निदेशक, रील, डॉ. जैन ने कहा कि भारत सरकार के **मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ तकनीकी सहयोग में रील ने ईवी चार्जर बनाने की योजना बनाई है।** यह अपने 8 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से पेट्रोलियम क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों और उपयोगिता कंपनियों के साथ ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़ने की योजना बना रहा है। रील ने अब तक तीन शहरों जैसे दिल्ली, जयपुर और चंडीगढ़ में 200 ईवी चार्जर्स (150 AC और 50 DC) की तैनाती के लिए और अंतर–शहर परिवहन के लिए ईवी मालिकों और टैक्सी ऑपरेटरों की सुविधा के लिए जयपुर–दिल्ली और दिल्ली चंडीगढ़ राजमार्गों पर एक पायलट परियोजना शुरू की है। **उपरोक्त योजना के तहत स्थापित सभी चार्जिंग स्टेशन, सरकारी पार्किंग जैसे नगर निगम, मेट्रो और रेलवे पार्किंग आदि में सार्वजनिक स्थानों पर हैं।**

## माननीय राज्यमंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जर इंफ्रास्ट्रक्चर का जयपुर में उद्घाटन किया






माननीय राज्यमंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय ने DC-001 फास्ट चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का एचपीसीएल, रामबाग सर्विस स्टेशन, जयपुर में 23.08.2019 को उद्घाटन किया। माननीय संसद सदस्य जयपुर, श्री राम चरण बोहरा और डॉ. ए. के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की

## माननीय राज्यमंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अर्जुन राम मेघवाल ने रील का दौरा किया






माननीय राज्यमंत्री ने रील परिसर का दौरा किया, जिसमें उन्हें डेयरी और सोलर के क्षेत्र में कंपनी द्वारा निर्मित/प्रदान किए गए विभिन्न उपकरणों/समाधानों के बारे में जानकारी दी गई। उनकी गहरी रुचि KUSUM और Merging of Technology में थी। उन्होंने रील द्वारा डेयरी, सौर ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा निगरानी और ई–मोबिलिटी के क्षेत्रों में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। उन्होंने पिछले 8–9 वर्षों के दौरान जबरदस्त विकास के लिए प्रबन्ध निदेशक, रील और टीम रील को उनके समर्पण की भावना से कार्य करने तथा ईमानदारी के प्रयासों को स्वीकार किया और बधाई दी एवं आने वाले समय में और बेहतर करने के लिए आत्मविश्वास दिखाया।

उन्होंने रील के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता थीम पर आधारित "नुक्कड नाटक" की प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर अपने व्यक्तिगत जीवन में महात्मा गांधी द्वारा स्वच्छता पर अपनाई गई दिलचस्प मिसाल पेश की। उन्होंने कर्मचारियों को वृक्ष का एक उदाहरण भी दिया और उन्हें अपने जीवन में वृक्ष के गुणों से सीखने की सलाह दी। इस अवसर पर, माननीय मंत्री द्वारा वृक्षारोपण किया गया और अप्रैल–जून, 2019 की अवधि के लिए कम्पनी का त्रैमासिक पत्रिका "प्रगति इनसाइट्स" का विमोचन किया।

## व्यापार प्रमुखताएं

### डेयरी इलेक्ट्रॉनिक्स

डिजिटलीकरण और एरर–फ्री डेयरी की दिशा में रील के सक्रिय कदम ने किसानों के विश्वास को मजबूत किया है और प्रौद्योगिकी के माध्यम से दिन–प्रतिदिन के कार्यों में पारदर्शिता और काम में आसानी लाकर उनके जीवन को बेहतर बनाया। तिमाही के दौरान, कठिन इलाकों में तकनीकी उन्नति लाने के प्रयास में कुल 200 नग से अधिक एएमसीयू, जिसमें जम्मू और कश्मीर से 75 नग शामिल हैं; दक्षिण, उत्तर, मध्य क्षेत्र और राजस्थान से 150 नग से अधिक डीपीएमसीयू, 350 से अधिक ईएमटी के लिए नियमित आदेश; 250 से अधिक EWS और डीपीयू, गुजरात और राजस्थान की विभिन्न दुग्ध समितियों से और राजस्थान एवं गुजरात में एएमसीयू के सोलराइजेशन के लिए 400 से अधिक एसपीवी यूनिट्स के आदेश, ताकि वे आत्मनिर्भर बन पाएं।



गुजरात की एक समिति में दूध संग्रह

पशु स्वास्थ्य और मास्टिटिस रोग का पता लगाने की दिशा में डेयरी उद्योग की प्रमुख चिंता को दूर करने के प्रयास में, कम्पनी ने मिल्कफेड की लुधियाना मिल्क यूनियन में पायलट आधार पर सोमैटिक सेल काउंटर की आपूर्ति की है, जो दूध की गुणवत्ता दर्शाएगा, जिससे उच्च खाद्य सुरक्षा और पीने के लिए शुद्ध दूध सुनिश्चित हो पाएगा। रील, दूध में मिलावट के विशेष मामलो के समाधान की दिशा में भी कार्य कर रही है और तमिलनाडु और उज्जैन से 110 ईमेट+ का प्रतिष्ठित आदेश प्राप्त किया है, जिससे देश भर में खाद्य सुरक्षा के लिए कानून बन गया है।

### डिजिटलीकरण-अन्य पहल

अपने उत्पादों/परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन समाधान प्रदान करना रील का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसमें आईटी विभाग ने राजस्थान राज्य ओपन स्कूल के लिए 82000 से अधिक परीक्षा फार्मों और 2 लाख से अधिक छात्रों के परिणाम का डिजिटलीकरण के कार्य को प्रोसेस किया गया है; नवंबर 2019 में आगामी शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) आम चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग, राजस्थान को राज्य स्तरीय एजेंसी के रूप में सेवाएं प्रदान की गई और 10090 ग्राम पंचायत वार्ड और शहरी स्थानीय निकाय के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाताओं की मतदाता सूची की तैयारी के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया। मतदाता सूची आपत्ति और दावें के संबंध में ऑनलाइन वेब एप्लिकेशन भी विकसित किया गया है।

### ग्राहक प्रशिक्षण कार्यक्रम

रील सक्रिय रूप से एण्ड–टू–एण्ड ग्राहक के लिए बेहतर सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए काम कर रहा है, इस श्रृंखला में कम्पनी ने देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए मानव पूंजी को सशक्त बनाने हेतु 1368 क्षेत्रीय श्रमिकों और दुग्ध समिति सचिवों को प्रशिक्षित किया है। इसका लाभ 650 से अधिक गांवों को मिलेगा।

आगामी नगरपालिका आम चुनावों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों और एसडीएम आदि सहित 425 अधिकारियों को सचिवालय, जयपुर में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सुचि त्यागी (आईएएस), उप सचिव श्री अशोक जैन, राज्य चुनाव आयोग भी उपस्थित थे।



सचिवालय, जयपुर में प्रशिक्षण

### नवीकरणीय ऊर्जा

स्मार्ट सिटी मिशन के लिए नोडल एजेंसी होने के नाते रील ने जयपुर के विभिन्न सरकारी भवनों की छत पर 2 मेगावाट एसपीवी पावर प्लांट्स की स्थापना और कमीशनिंग के लिए जयपुर स्मार्ट सिटी से एक और प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया है। सरकारी इमारतों में नेट–मीटरिंग योजना के तहत 500 किलोवाट ग्रिड रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए अजमेर और उदयपुर स्मार्ट शहरों से एलओआई भी प्राप्त हुई है।

मेगावाट आकार के व्यवसाय में, कम्पनी को EESL से सोलापूर जिला, महाराष्ट्र के विभिन्न ग्रिड सब–स्टेशनों पर 3.5 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड एसपीवी पावर प्लांट की स्थापना और कमीशनिंग के लिए आदेश मिला है।

पंचायती राज विभाग, राजस्थान के लिए सबसे बड़े ऑफ–ग्रिड एसपीवी पावर पैक परियोजनाओं के सफल समापन के बाद, रील ने पेयजल उपलब्ध कराने के लिए धौलपुर की ग्राम पंचायत में एसपीवी वॉटर पंपिंग सिस्टम की स्थापना और कमीशनिंग कर एक और पायलट परियोजना शुरू की है।



एसपीवी एसएलएस नैनीताल के एक गाँव में स्थापित

भारत सरकार की एक प्रमुख परियोजना अटल ज्योति योजना (AJAY), चरण–II के तहत, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड में 1100 से अधिक स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम, जो दूरदराज के क्षेत्रों में प्रमुख सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक सुविधाओं हेतु स्थापित किए गए हैं, जिससे नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

कम्पनी पीएसयू क्षेत्र में कार्य रही है और पीएफसी के सीएसआर गतिविधियों के तहत भारतीय सेना के लिए 5000 नग एसपीवी लालटेन की आपूर्ति करने का कार्यादेश प्राप्त हुआ है।

## नवीन परियोजना

सिक्यूरिटी सर्वेलन्स और आईटी पहल के तहत, NATRIP (नेशनल ऑटोमोटिव टेस्टिंग एण्ड आरएण्डडी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट), इंदौर से ग्राउंड मैनेजमेंट सिस्टम के लिए 12.5 करोड़ रुपये की प्रतिष्ठित परियोजना का कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस परियोजना में आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, व्हीकल एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, मौसम निगरानी प्रणाली, 2–वे संचार और ग्राउंड मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के साथ जीपीएस उपकरण शामिल हैं जो NATRAX के संपूर्ण सर्वांगीण कामकाज को सुनिश्चित करेगे।

इस तिमाही में ऑनलाइन CPUCC के माध्यम से कुल 12.07 लाख PUC प्रमाण पत्र तैयार किए गए हैं। उपरोक्त कार्य जो शुरू में जयपुर जिले में शुरू किया गया था, अब पूरे राजस्थान राज्य में सफलतापूर्वक चल रहा है। कम्पनी इस कार्य को अखिल भारतीय स्तर पर विस्तारित करने की योजना बना रही है।

## वार्षिक आम बैठक

### रील ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए 2.95 करोड़ रुपये का लाभांश घोषित किया

कम्पनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक 30.09.2019 को रीको में आयोजित की गई, जिसमें कम्पनी ने वित्त वर्ष 2018–19 के लिए अपने शेयरधारकों को 20% लाभांश की घोषणा की।

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान अभी तक का उच्चतम, TOP LINE में 271.29 करोड़ रुपये और BOTTOM LINE में 10.28 करोड़ रुपये, जो की पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः कारोबार में 10.82% और कर पश्चात् लाभ में 155.72% की वृद्धि है।





श्रीमती सुकृति लिखी, संयुक्त सचिव, डीएचआई, रील हाउस में अपनी यात्रा के दौरान



(बाएं से दाएं) श्री अशोक पाठक, निदेशक, श्री राजेन्द्र शर्मा, शेयरधारक, सुश्री परवीन गुप्ता, शेयरधारक, श्री एम.एल. भार्गव, स्वतंत्र निदेशक, श्री आशुतोष ए.टी. पेडणेकर, अध्यक्ष, डॉ. ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, श्री पीयूष पालीवाल, अधिशाषी निदेशक (परियोजना), श्री सुभाष अग्रवाल, सीएफओ और श्री अमित कुमार जैन, कम्पनी सचिव, रील, एजीएम के दौरान

## वीआईपी गैलेरी

श्रीमती सुकृति लिखी, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने 25.09.2019 को रील हाउस का दौरा किया। उन्होंने रील हाउस की सराहना करते हुए जरूरत के अनुसार पर्याप्त रूप से सुसज्जित सेटअप के कुशल और शीघ्र उपयोग पर बल दिया।

डॉ. ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील ने उन्हें डेयरी, अक्षय ऊर्जा, सिक्यूरिटी सॅवेलॅन्स और आईटी में कौशल विकास और शिक्षा एवं प्रशिक्षण जरूरतों के लिए समर्पित नए सेटअप के बारे में जानकारी दी।

श्री राकेश कुमार, सीएमडी, एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) ने 17.07.2019 को रील परिसर का दौरा किया। वे रील द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहल से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि रील के पास तकनीकी विशेषज्ञता से और अधिक लाभ अर्जित करने की बहुत बड़ी क्षमता है।



श्री राकेश कुमार, सीएमडी, एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) रील में अपनी यात्रा के दौरान

सुश्री देबजानी चक्रवर्ती, आईएएस, सीईओ, RECPDCL ने 16.08.2019 को रील परिसर का दौरा किया।




सुश्री देबजानी चक्रवर्ती, आईएएस, सीईओ, RECPDCL रील में अपनी यात्रा के दौरान

## पुरस्कार एवं पहचान

कम्पनी को "9वां पी.एस.ई. एक्सीलेंस अवार्ड" सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व (CSR) एवं स्थिरता श्रेणी में दिया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार डॉ. ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में, जूरी सदस्य ICC, श्री आलोक परती, सलाहकार, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जूरी चेयर ICC डॉ. भास्कर चटर्जी, भूतपूर्व सचिव एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा देश के विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के योगदान को मान्यता देने के लिए इस पुरस्कार की स्थापना की गई है।

इस अवसर पर डॉ. ए.के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील को कम्पनी के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए और देश में औद्योगिक विकास की दिशा में उनके प्रयासों के लिए सम्मानित एवं रिकगनाईज भी किया गया।

कम्पनी परोपकारी गतिविधियों से परे सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व की दिशा में प्रयास जारी रखती है और सामाजिक और व्यावसायिक लक्ष्यों के एकीकरण के लिए प्रयास करेगी।



डॉ. ए.के. जैन, एमडी, रील पुरस्कार प्राप्त करते समय

## सहभागिता



सौभाग्य योजना की ऑनलाइन मॉनीटरिंग, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत और मुख्य सचिव, श्री डी.बी. गुप्ता को दिखाई गई



रील स्टॉल पर राजस्थान के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट



ऊर्जा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) के माननीय मंत्री, श्री बी.डी. कल्ला और अन्य गणमान्य लोगों ने रील के स्टॉल का दौरा किया



अधिवेशन में सभा को संबोधित करते हुए प्रबन्ध निदेशक, रील

### राजस्थान इनोवेशन विजन कार्यक्रम (राजीव)

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की 75वीं जयंती के अवसर पर राजस्थान इनोवेशन विजन कार्यक्रम (राजीव), आरआरईसीएल, राजस्थान सरकार और सीआईआई द्वारा दिनांक 19.08.2019 से 20.08.2019 तक संयुक्त रूप से बिरला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित किया गया, जिसमे कम्पनी ने सक्रिय रूप से भाग लिया और डेयरी, सोलर वाटर पम्पिंग सॉल्यूशन और ई–मोबिलिटी के क्षेत्र में अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया।

माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट, ऊर्जा और सार्वजनिक स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) के माननीय मंत्री, श्री बी.डी. कल्ला और माननीय प्रमुख सचिव, राजस्थान श्री डी.बी. गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कम्पनी के स्टाल का दौरा किया और रील द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की।

प्रबन्ध निदेशक, रील ने **"राजस्थान राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की संभावना"** विषय पर सम्मेलन के दौरान मुख्य भाषण दिया। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन और सौर चार्जिंग स्टेशन, संभावनाएं, बाधाओं और आगे बढ़ने के बारे में अपने विचार साझा किए।







## माननीय प्रधानमंत्री ने मथुरा में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया

किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मथुरा में 11.09.2019 को मवेशियों में पैर और मुंह के रोग एवं ब्रुसेलोसिस के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने मेक इन इंडिया पहल के तहत विदेशी प्रतिस्पर्धी की तुलना में कम कीमत पर पशुओं में मास्टिटिस रोग का पता लगाने के लिए रील के कम कीमत के सोमैटिक सेल काउंटर को भी देखा। सोमैटिक सेल काउंटर दूध की गुणवत्ता दर्शाएगा, जिससे उच्च खाद्य सुरक्षा और पीने के लिए शुद्ध दूध सुनिश्चित हो पाएगा।

## गुणवत्ता दुग्ध कार्यक्रम पर कार्यशाला

श्री गिरिराज सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और डॉ. संजीव बाल्यान, माननीय राज्य मंत्री, मत्स्य, पशुपालन और डेयरी द्वारा, 24.07.2019 को आईसीएआर, एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा आयोजित गुणवत्ता दुग्ध कार्यक्रम पर कार्यशाला के दौरान रील के स्टाल का दौरा किया और दुग्ध मिलावट परीक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के लिए कम्पनी के काम की सराहना की।



## इंटरसोलर एसएओ पाउलो ( INTERSOLAR SAO PAULO ), ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका

कम्पनी ने दक्षिण अमेरिका में निर्यात बाजार को बढ़ावा देने और ओवरसीज मार्केट का पता लगाने और वैश्विक बाजार को जानने के उद्देश्य से 27.08.2019 से 29.08.2019 के दौरान इंटनसोलर साओ पाउलो, ब्राजील में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से अपने अभिनव उत्पादों में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रदर्शित किया। इस अवसर पर इंडियन पवेलियन का उद्घाटन काउंसलर जनरल साओ पाउलो, श्री अमित मिश्रा ने किया, उन्होंने कम्पनी द्वारा अक्षय ऊर्जा और ई–मोबिलिटी के क्षेत्र में किए जा रहे कम्पनी के कार्यों की सराहना की।





## 13वां नवीकरणीय ऊर्जा इंडिया एक्सपो 2019

कम्पनी ने यूबीएम द्वारा भारत एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 18.09.2019 से 20.09.2019 के दौरान आयोजित अक्षय ऊर्जा इंडिया एक्सपो (आरईआई) 2019 में भाग लिया एवं नवीकरणीय ऊर्जा और ई–मोबिलिटी क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की अपनी यात्रा का प्रदर्शन किया।

एमडी रील ने सीईओ कॉन्क्लेव में एनर्जी लीडर्स डायलॉग – मार्केट पर सत्र के दौरान मुख्य बिन्दुओ पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने वर्तमान रुझानों, वैश्विक स्तर पर अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश, नवीन और उन्नति तकनीको का इस्तेमाल, नीतियां और विनियामक मुद्दे इत्यादि पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।



## अंतर्राष्ट्रीय परियोजना नवाचार चुनौती

डॉ. ए. के. जैन, प्रबन्ध निदेशक, रील मुख्य अतिथि के रूप में, 16.07.2019 को पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, जयपुर में जूनियर आइंस्टीन ट्रैक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों और युवा पेशेवरों के लिए इंटरनेशनल प्रोजेक्ट इनोवेशन चैलेंज, YESIST&12 (यूथ एंडेवर फॉर सोशल इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी) – इनोवेशन चैलेंज ट्रैक के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य भाषण दिया।

उन्होंने छात्रों को नवोन्मेषी विचारों और आविष्कारशील प्रौद्योगिकियों की सहायता से गरीबी, अकाल, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अस्पृश्यता आदि सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया और प्राकृतिक परिवर्तन और रूपांतरण का समर्थन भी किया।



# स्टाफ गतिविधियाँ

## प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान विभिन्न डोमेन पर आंतरिक और बाहरी स्तर पर कम्पनी कर्मचारियो के लिए कुल 87 प्रशिक्षण कार्य दिवस आयोजित किए गए। इस दौरान निम्न विषयो पर कम्पनी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया - Talent Management at MNIT, Disaster Management, Safety and New Safety Code, Women Leadership in Disaster Management, हिन्दी कार्यशाला आदि।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतंत्रता दिवस 15.08.2019 के अवसर पर प्रबंध निदेशक, डॉ. ए. के. जैन द्वारा कंपनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## नए संयोजन

इस तिमाही के दौरान निम्नलिखित हमारी कंपनी से जुड़े –

श्री पी. नवीन कुमार, सहायक अभियंता – इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद

श्री निखिल उपाध्याय, अभियंता – इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग

श्री प्रतीक जैन, लेखाधिकारी – वित्त एवं लेखा विभाग

श्री वीरेन्द्र सिंह शेखावत, ड्राईवर – प्रबंध निदेशक कार्यालय

श्री शैलेश कुमार टेलर, लेखाधिकारी – वित्त एवं लेखा विभाग

**कंपनी उनका रील परिवार में स्वागत करती है तथा आशा करती है की वो अपना कार्य ईमानदारी, लगन व परिश्रम से करेंगे एवं कंपनी में एक सशक्त भागीदार बनेंगे।**

## सेवानिवृत्ति समारोह

श्री कृष्ण कुमार शर्मा, सहायक अधिकारी क्यू. ए. विभाग, दिनांक 31.07.2019 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 30 वर्षो तक कंपनी के स्टोर (एम.एम.), मार्केटिंग, पी. एण्ड आई. आर, वर्क्स एवं क्यू.ए.(Inward Store) में ईमानदारी के साथ समर्पित प्रयासों से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



डॉ. ए. के. जैन, एम डी श्री कृष्ण कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह पेश करते हुए

श्री वेद प्रकाश पारीक, अभियंता, अक्षय ऊर्जा विभाग, दिनांक 31.08.2019 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 36 वर्षो तक क्यू. ए., प्रॉडक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, एन.पी. एवं अक्षय ऊर्जा विभाग मे ईमानदारी के साथ समर्पित प्रयासों से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना पूर्ण योगदान दिया।



डॉ. ए. के. जैन, एम डी श्री वेद प्रकाश पारीक को स्मृति चिन्ह पेश करते हुए

श्री सुरेश कुमार कश्यप, अभियंता, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग दिनांक 30.09.2019 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 36 वर्षो तक कंपनी के प्रॉडक्शन, क्यू.ए., इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग मे ईमानदारी के साथ समर्पित प्रयासों से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



डॉ. ए. के. जैन, एम डी श्री सुरेश कुमार कश्यप को स्मृति चिन्ह पेश करते हुए

श्रीमती रोहिणी कुट्टी अम्मा, सहायक अधिकारी, पी. एण्ड आई. आर. विभाग, दिनांक 30.09.2019 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुई। उन्होंने 34 वर्षों तक कंपनी के एम. एम., अक्षय ऊर्जा एवं पी. एण्ड आई. आर. विभाग मे ईमानदारी के साथ समर्पित प्रयासों से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



डॉ. ए. के. जैन, एम डी श्रीमती रोहिणी कुट्टी अम्मा को स्मृति चिन्ह पेश करते हुए

श्री सुरेश चंद शर्मा, सीनियर हेड ऑपरेटर, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, दिनांक 30.09.2019 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 36 वर्षों तक कंपनी के प्रॉडक्शन, क्यू.ए. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में ईमानदारी के साथ समर्पित प्रयासों से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



डॉ. ए. के. जैन, एम डी श्री सुरेश चंद शर्मा को स्मृति चिन्ह पेश करते हुए

**कम्पनी उन्हे खुशहाल, स्वस्थ्य और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं देती है।**

## विश्वकर्मा पूजा



कंपनी परिसर के उत्पादन में दिनांक 17.09.2019 को भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा विधि विधान से संपन्न हुई जिसमें प्रबंध निदेशक, डॉ. ए. के. जैन ने कर्मचारियों के साथ कंपनी की खुशहाली व संपन्नता की प्रार्थना की। इस अवसर पर सोलर विभाग में नए आए स्वचालित laminator जिसमें 320 वाट के 3 module एक साथ लैमिनेट किए जा सकते है, का फ़ीता काट कर शुभारम्भ किया।




## पदोन्नति

01.07.2019 को निम्नलिखित को पदोन्नती दी गई

श्री जे. पी. शर्मा, श्री एम. एस. राजु, श्री वी. एम. सिंधी, श्री भरत सिंह चौधरी, श्री ज्योति प्रकाश एवं श्री एन. बालासुब्रमण्यम–कनिष्ठ अभियंता–I के पद पर

श्री नेहरू शास्त्री, श्री संजय स्वामी, श्री रमेश चंद महावर, श्री राजेश कुमार बुंदेल, श्री गजानन पी. गनवीर एवं श्री तुलसी राम, –कनिष्ठ अभियंता– II के पद पर

श्री जफर अली – वरिष्ठ कार्यालय सहायक के पद पर

श्री दिनेश चंद बैरवा एवं श्री रवि कुमार – पर्यवेक्षक (तकनीकी) के पद पर

श्री चन्द्र शेखर यादव – सीनियर हैड ड्राईवर के पद पर

श्री संदीप सोनवाल श्री एवं मुकेश कुमार मीना – कनिष्ठ कार्यालय सहायक के पद पर

श्री सुनील के. माहेश्वरी एवं श्री जगदीश कुमार– वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर

श्री देवी लाल डामोर– तकनीकी सहायक के पद पर

श्री इमरान खान, श्री संदीप शर्मा एवं श्री सत्य नारायण मीना – सीनियर कम्प्युटर ऑपरेटर

श्री अश्विनी कुमार कुम्हार, श्री भगवान सहाय रैगर, श्री नवीन कुमार दुलानी, श्री सुमेर सिंह शेखावत, श्री जितेन्द्र भारद्वाज एवं श्री धीरज मिश्रा तकनीकी सहायक के पद पर

श्री विश्वम्भर लाल– तकनीशियन 'ए' के पद पर

श्री शिव शंकर यादव–सीनियर ड्राईवर के पद पर

श्री रेवड़ मल मीना एवं श्री हरीपाल कुमावत – ऑपरेटर के पद पर

श्री किरण सिंह, श्री करण सिंह, श्री रामस्वरूप जाट, श्री जगदीश प्रसाद– कार्य सहायक 'ए' के पद पर

**कंपनी उन्हें बधाई एवं उनके करियर में निरंतर सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देती है।**

## हिन्दी पखवाड़ा ( 01.09.2019 से 14.09.2019 )

हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) मनाने के लिए कम्पनी में दिनांक 01 से 14 सितम्बर 2019 तक "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इसके अंतगर्त राजभाषा हिन्दी के महत्व को ध्यान में रखते हुए हिन्दी संगोष्ठी आयोजित की गयी जिस में प्रबंध निदेशक महोदय एवं अधिशाषी निदेशक महोदय द्वारा उत्प्रेरक एवं प्रेरणादायक उद्‌बोधन के साथ अधिकारीगण और कर्मचारीगण द्वारा रोचक किस्से कहानियों, कविताओं को साझा किया गया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान निम्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाः

**1. निबन्ध प्रतियोगिता**

**अ) कम्पनी कर्मचारियों के लिए :**

राजभाषा हिन्दी में है विश्व भाषा बनने का सामर्थ्य

अथवा

बदलते तकनीकी युग के साथ राजभाषा हिन्दी का सरलीकरण

**ब) विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए :**

निरक्षरता : एक अभिशाप

अथवा

मानव कल्याण के लिए विज्ञान एक वरदान

**2. हिन्दी गद्यांश सुधार प्रतियोगिताः**

**3. हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिताः**

**4. हिन्दी कार्यशाला का आयोजनः**

उपरोक्त के अतिरिक्त राजभाषा हिन्दी विभाग द्वारा समय समय पर दिये गए निर्देशों की अनुपालना में इस वर्ष कम्पनी के संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय, जो कि गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र (सिकंदराबाद–आंध्र प्रदेश एवं बेंगलोर–कर्नाटक) में स्थित है वहाँ पर हिन्दी काव्य पाठ, हिन्दी अनुवाद हिन्दी नारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा ( 16.08.2019 से 31.08.2019 )

भारत सरकार एवं भारी उद्योग एवं लोक उद्योग मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कम्पनी परिसर में दिनांक 16.08.2019 से 31.08.2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. स्वच्छता शपथ
2. बैनर एवं पोस्टर्स का प्रदर्शन
3. नुक्कड़ नाटक
4. स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला
5. नारा (Slogan) प्रतियोगिता
6. पानी की टंकियों की स्वच्छता
7. गैर–जैव अवक्रमित और जैव अवक्रमित अपशिष्ट का निष्पादन
8. कम्पनी के आस–पास के नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरुता अभियान स्वच्छता, सफाई एवं पौधारोपण
9. अभिलेखों का डिजिटलीकरण
10. स्वच्छता का स्थायीकरण (मान्यता प्राप्त तकनीक '5S' का अनुप्रयोग)

**सम्पादक मण्डल : मुख्य सम्पादक - श्री आर. के. गुप्ता, सम्पादक - श्री संदीप प्रेम, सुश्री लवीना बब्बर ईमेल : insights@reil.co.in**

त्रैमासिक प्रगति इनसाइट्स, प्रकाशक :

**राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्टस लिमिटेड**

**''रील हाऊस'' शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर - 302020, राजस्थान ( भारत )**

**फोन : 91-141-2724968, 2940102, 2940103 ईमेल :** mdo@reiljp.com **वेबसाईट :** www.reiljp.com

**मुद्रक : मैसर्स लक्ष्मी प्रिन्टर्स, जयपुर, मोबाईल : 9829125258**